MPLADS फंड में गरिावट

[स्रोत: बिज़िनेस लाइन]

चर्चा में क्यों?

संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (MPLADS) पर **सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI)** के नवीनतम आँकड़ों से पता चलता है कि **16वीं लोकसभा (2014-2019)** की तुलना में **17वीं लोकसभा (2019-2024)** के लिये **केंद्र सरकार द्वारा जारी कुल फंड/निधि में गिरावट** आई है।

MPLADS पर MoSPI डेटा की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं?

- **फंड में कमी: 17वीं लोकसभा (2019-2024)** के लिये MPLADS फंड कुल 4,510 करोड़ रुपए था, जो **16वीं लोकसभा से 65.2% कम है,** जिसका मुख्य कारण **कोविड-19 महामारी** है।
- **फंड का उपयोग:** 14 वीं लोकसभा में MPLADS फंड का **102% उपयोग हुआ,** जबकि **16 वीं और 17 वीं लोकसभाओं** में क्रमशः **99% और 98% उपयोग** दर्ज किया गया।
- **क्षेत्रीय असमानताएँ: उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल** के सांसदों को **सबसे अधिक MPLADS निधि** प्राप्त हुई, जबकि **दिल्ली, हरियाणा और पंजाब के सांसदों को सबसे कम** प्राप्त हुई।
- **सेक्टर-वाइज़ फंड वितरण:** 17 वीं लोकसभा अवधि के दौरान, बुनियादी ढाँचे **(रेलवे, सड़क, पुल)** के लिये 1679 करोड़ रुपए आवंटित किये गए, इसके बाद अन्य सार्वजनिक सुविधाएँ और शिक्षा का स्थान रहा।

Local area development

Funds released by Central government | % of funds utilised | Unspent balance with district authority

MPLADS allocation dips 65% in 2019-24



Large States receive more funding under the scheme



Public infra remains a priority sector



Source: MPLADS website

MPLADS क्या है?

- **परिचय: MPLADS वर्ष 1993** में शुरू की गई एक केंद्रीय क्षेत्रक योजना है जो [संसद सदस्यों (MP)] को स्थानीय स्तर की आवश्यकताओं के आधार पर संधारणीय सामुदायिक परिसंपत्तियों के निर्माण पर ज़ोर देते हुए अपने **निर्वाचन क्षेत्रों** में विकास कार्यों की सिफारिश करने में सक्षम बनाती है।
- **कार्यान्वयन:** राज्य स्तरीय नोडल विभाग MPLADS की देखरेख करता है, जबकि **ज़िला प्राधिकरण परियोजनाओं** को मंज़ूरी देते हैं, धन आवंटित करते हैं और कार्यान्वयन सुनिश्चित करते हैं।
- **निधि आवंटन:** वर्ष 2011-12 से प्रत्येक **सांसद को प्रति वर्ष 5 करोड़ रुपए आवंटित** किये जाते हैं। [सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI)] द्वारा ज़िला अधिकारियों को 2.5 करोड़ रुपए की दो किस्तों में निधि संवितरित की जाती है।
  - **निधि की प्रकृति:** निधियाँ **व्यपगत नहीं** होती हैं और **यदि** किसी वर्ष में उनका उपयोग नहीं किया जाता है तो उन्हें अग्रेनीत किया जाता है। सांसदों को **अपने कोष का न्यूनतम 15% और 7.5%** क्रमशः [अनुसूचित जातियों (SC)] **और** [अनुसूचित जनजातियों (ST)] के लिये परिसंपत्तियाँ निर्मित किये जाने हेतु आवंटित किया जाना होता है।



- **विशेष प्रावधान:** सांसद राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने वाली परियोजनाओं के लिये **अपने निर्वाचन क्षेत्र या राज्य के बाहर प्रतिवर्ष 25 लाख रुपए** तक आवंटित कर सकते हैं।
  - गंभीर प्राकृतिक आपदाओं के लिये, सांसद भारत में कहीं भी परियोजनाओं के लिये 1 करोड़ रुपए तक की धनराशि आवंटित कर सकते हैं।
- **MPLADS के अंतर्गत पात्र परियोजनाएँ:** MPLADS निधि को **धारणीय परिसंपत्ति निर्माण हेतु** [MGNREGS] के साथ तथा **खेल अवसंरचना विकास हेतु** [खेलो इंडिया कार्यक्रम] के साथ एकीकृत किया जा सकता है।
  - सामाजिक कल्याण में संलग्न **पंजीकृत सोसाइटियों या ट्रस्टों के स्वामित्व वाली भूमि पर कम से कम तीन वर्षों तक** बुनियादी ढाँचे के समर्थन की अनुमति है लेकिन उन सोसाइटियों के लिये यह निषिद्ध है जहाँ सांसद या उनके परिवार के सदस्य पदाधिकारी हैं।

MPLADS के पक्ष और विपक्ष में मुख्य तर्क क्या हैं?

पढ़ने के लिये यहाँ क्लिक करें: [MPLADS के पक्ष और विपक्ष में तर्क]

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

??????????:

प्रश्न. संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (MPLADS) के अंतर्गत निधियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं? (2020)

1. MPLADS निधियाँ टिकाऊ परिसंपत्तियों जैसे- स्वास्थ्य, शिक्षा आदि की भौतिक आधारभूत संरचनाओं के निर्माण में ही प्रयुक्त हो सकती हैं।
2. प्रत्येक सांसद की निधि का एक निश्चित अंश अनुसूचित जाति/जनजाति जनसंख्या के लाभार्थ प्रयुक्त होना आवश्यक है।
3. MPLADS निधियाँ वार्षिक आधार पर स्वीकृत की जाती हैं और अप्रयुक्त निधि को अगले वर्ष के लिये अग्रेषित नहीं किया जा सकता।
4. कार्यान्वित हो रहे सभी कार्यों में से कम-से-कम 10% कार्यों का ज़िला प्राधिकारी द्वारा प्रतिवर्ष निरीक्षण करना अनिवार्य है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3 और 4
(c) केवल 1, 2 और 3
(d) केवल 1, 2 और 4

उत्तर: (d)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/decline-in-mplads-funds